राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 21 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 42 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### झरिया: अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

झरिया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार की शाम को उत्पाद विभाग की टीम तथा प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी के सहयोग से सुदामडीह थाना क्षेत्र के रिवर साइड कॉलोनी तथा गोशाला ओपी के कांडरा बस्ती में अवैध शराब अड्डों में छापामरी कर लगभग तीन पेटी बियर तथा विदेशी शराब 24 पीस नीब जब्त किया गया. साथ ही घटनास्थल से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है.

### महुदा में 110 रोगियों की स्वास्थ्य जांच

महुदा : बीसीसीएल महुदा शाखा की और से सोमवार को सिंगड़ा बस्ती स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का शुभारंभ सिंगड़ा पंचायत के मुखिया सूर्यकान्त ने फीता काटकर किया. शिविर में बीसीसीएल के क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डा.संजय कुमार के द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई. कैम्प में शुगर, वीपी, कोलेस्ट्रॉल और अन्य बीमारियों का जांच की गई. शिविर में कुल 110 लोगो ने स्वास्थ्य जांच कराया. डा.संजय कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य जांच के बाद ग्रामीणों को बीमारी के अनुसार दवा उपलब्ध कराया गया.

### व्यवसायियों ने चलाया जागरुकता अभियान

झरिया। झरिया चेंबर ऑफ कॉमर्स वस्त्र व्यवसायी संघ और धनबाद निर्माण के बैनर तले मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया. सेल्फी लेकर लोगों से मतदान करने की अपील की गई. लोगों ने कहा कि पहले मतदान करेंगे, उसके बाद फिर कोई दूसरा काम करेंगे. वहीं चेंबर और वस्त्र व्यवसायी संघ ने निर्णय लिया की मतदान के दिन अपनी प्रतिष्ठान बंद रखकर अपने कर्मियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे. धनबाद निर्माण के ज़िला संजोजक राजीव शर्मा ने धनबाद लोकसभा के सभी मतदाता से अपील किया की मतदान अवश्य करें और एक अच्छे नागरिक बने.

### मिशन एयरपोर्ट के लिए सौंपे जाएंगे मांग पत्र

धनबाद। मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह की बैठक लुबी सर्कुलर रोड में समाजसेवी उदय प्रताप सिंह एवं दिलीप सिंह की उपस्थित हुए. बैठक की अध्यक्षता अमरेंद्र कुमार झा एवं संचालन गोपाल सिंह ने किया. मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह ने बच्चों, बड़े बुजुर्गो, जवानों से मिलकर एक मांग पत्र तैयार किया है, जो सभी उम्मीदवारों को दिया जाएगा. इसमें प्रमुख मांगो में जो सांसद बने वे आगामी 6 महीने बाद जनता दरबार लगाकर समीक्षा बैठक आयोजित करें. इसके अलावा रोजगार सृजन के लिए, प्रदूषण नियंत्रण के लिए, एयरपोर्ट धनबाद में जल्द बने.

**चुनावी परपंच :** भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष महतो का ऑडियो वायरल

# 'टाइगरे लाइव आयके तो नाए कहे पारतो ना कि ढुल्लू के सपोर्ट कर'

▪ धनबाद के दो 'टाइगर्स' के बीच साठगांठ का भंडाफोड़

संवाददाता। धनबाद





भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो और जेबीकेएसएस के सुप्रीमो जयराम महतो के बीच अंदरूनी साठगांठ के भंडाफोड़ का दावा किया जा रहा है. ये दावा धनबाद में वायरल हो रहे आडियो के बाद किया जा रहा है. इसमें जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष आशीष महतो बलियापुर में ग्रामीणों से मुखातिब हैं और ढुल्लू महतो को सपोर्ट करने की बात कह रहे हैं. वायरल आडियो का असर न सिर्फ धनबाद बल्कि गिरिडीह लोकसभा में भी व्यापक तौर पर हो सकता है. वायरल आडियो को लेकर जेबीकेएसएस की तरफ से आशीष महतो को तत्काल प्रभाव से तीन सालों के लिए निलंबित कर दिया गया है. वहीं आशीष महतो ने ऑडियो में अपनी आवाज होने से इंकार किया है. बता दें कि गिरिडीह लोकसभा में जयराम महतो एक सनसनीखेज उम्मीदवार के तौर पर उभरे हैं. यहां पर एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो भी लड़ रहे हैं. जयराम महतो महतो झारखंड के लोकल मुद्दों को लेकर चर्चा में आए हैं और उनके समर्थक उन्हें लोकल नेता के रूप में जानते हैं. वहीं धनबाद लोकसभा में भी जेबीकेएसएस ने अपना उम्मीदवार उतारा है. वायरल आडियो में बलियापुर के किसी ग्रामीण इलाके का बताया जा रहा है. उक्त आडियो में आशीष महतो और ग्रामीणों के बीच संवाद हो रहा है. आशीष महतो खोरठा भाषा में कह रहे हैं कि यहां हालात को देखकर काम करना है और ढुल्लू को सपोर्ट करना है. जेबीकेएसएस के उम्मीदवार अखलाक के बारे में कहते हैं कि उसे मुस्लिम इलाके में कोई नहीं पूछ रहा है. उसे बोला गया कि गांव-गांव घूमो, हवा बनाओ- तभी मुस्लिम वोट देगा, लेकिन मुस्लिम समाज बोल दिया कि उसको वोट नहीं करेंगे. उसे गोड़तोपा भी जाने बोला तो वह नहीं गया. फिर कहते है कि कल रात साढ़े बारह बजे ढांगी बस्ती गए थे. जहां लोगों को उन्होंने कहा कि टाइगर जयराम ने बोला है कि ढुल्लू को वोट करना है.. इस पर कुछ लड़कों ने कहा कि इस बात पर हम कैसे विश्वास करें, तो कहा कि अब टाइगर लाइव आकर तो नहीं बोलेगा न कि ढुल्लू को वोट करो. शक है तो खुद गाड़ी लेकर जाओ और पूछ लो कि आशीष दा ऐसा-ऐसा बोल रहे हैं. तब साफ हो जाएगा कि हम सही बोल रहे हैं या गलत. फिर कहा कि कल रात में विधायक जी (ढुल्लू महतो) को बुलाए हैं. बेलगड़िया में, यहां शहरी वोटर हैं, कोई डर नहीं है. लेकिन फिर भी मना कर दिए हैं कि यहां धर्मजीत सिंह, तारा देवी को लेकर नहीं आना है. बीजेपी का कोई कार्यकर्ता नहीं रहेगा, हम लोग मिलकर बात करेंगे, जो बोलना है, समझना है विधायक जी से समझ लेना है. ऐसा भी नहीं करना है कि लोगों को लगे कि यह लोग बीजेपी में शामिल हो गया है. फोटा आदि नहीं खिंचवाना है, बस सपोर्ट करना है. ऐसे ही आठ आडियो वायरल है, जो ग्रामीणों से बातचीत के हैं और उनमें खुद को आशीष दा कहने वाला व्यक्ति ढुल्लू महतो को सपोर्ट करने की बात कह रहा है.

**▸▸ पार्टी ने संगठन विरोधी कार्य करने और कार्यकर्ताओं को दिग्भ्रमित करने के आरोप में आशीष महतो को तीन साल के लिए सभी पदों से किया विमुक्त**

### ढुल्लू को वोट नहीं देना है : आशीष

वायरल आडियो को लेकर जब आशीष से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आडियो में उनकी आवाज नहीं है. अभी रांची से लौट रहे हैं, पता करते हैं कि क्या मामला है. फिर कहा कि ढुल्लू को वोट नहीं देना है, जबकि जयराम महतो ने कहा कि ये सब चुनावी साजिश है. ऐसी साजिशें चलती रहेंगी. इधर पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव फरजान खान की तरफ से उसे संगठन विरोधी कार्य करने और कार्यकर्ताओं को दिग्भ्रमित करने के आरोप में सभी पदों से तीन साल के लिए विमुक्त कर दिया गया है.

# आदिवासी को बचाने के लिए सरना धर्म कोड हर हाल में लागू हो : चंपाई

## झारखंड की 14 में से एक भी सीट भाजपा को नहीं लेने देंगे, भाजपा सबसे बड़ी झूठी पार्टी

संवाददाता ।तोपचांची





सोमवार को तोपचांची के हटिया मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरने ने कहा कि झारखंड में 14 में एक भी सीट भाजपा को नहीं लेने देंगे. भाजपा के पास कोई भी मुद्दा नहीं बच गया है. केंद्र सरकार झारखंड विकास विरोधी है. भारतीय जनता पार्टी जनता को गुमराह करने का काम किया है. उन्होंने कहा कि भाजपा 1985 को स्वीकार किया है, लेकिन 1932 का खतियान ये लोग स्वीकार नहीं करेंगे. हमलोग 1932 का संकल्प लिया है और लड़ के लेंगे. आदिवासी को बचाने के लिए सरना धर्म कोड हर हाल में लागू करना है. भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ा झूठा पार्टी है. भाजपा को झारखंड में वोट मांगने का अधिकार नहीं है. केंद्र सरकार ने झारखंड के लिए पीएम आवास का पैसा बंद कर दिया. इसलिए हेमंत सोरेन की सरकार अबुआ आवास योजना लेकर आई. चंपाई ने कहा कि ये लड़ाई लोकतंत्र, संविधान बचाने और भाजपा के तानाशाही के विरोध में है. माहौल अनुकूल है, इस बार इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को जीत से कोई नहीं रोक सकता. इस बार इतिहास रचा जाएगा.

**खास बातें**

- तोपचांची के हटिया मैदान में चुनावी जनसभा में पहुंचे सीएम
- 1932 का खतियान भाजपा नहीं करेगी स्वीकार

### संविधान खत्म करने की साजिश : हफीजुल

मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि भाजपा का 400 पार का मतलब संविधान से छेड़छाड़ है. भाजपा बाबा साहेब का संविधान खत्म करने की साजिश रच रही है. उन्होंने कहा कि आपको 1985 चाहिए या 1932. अगर 1932 चाहिए तो मथुरा प्रसाद महतो को वोट दें. आज की लड़ाई नफरत और मोहब्बत की लड़ाई है. उन्होंने सबसे अपील करते हुए कहा कि बहकावे में न आकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनावे. मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी केंद्र सरकार पर उर्दू के लफ्जों में तंज करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देने की अपील की.

### पूंजीपति और गरीब की लड़ाई

गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि यह चुनाव दो विचारधारा की लड़ाई है. पूंजीपति और गरीब किसानों की बीच की लड़ाई. एनडीए गठबंधन की सरकार ने देश में काला धन वापस लाने की बात कही थी, लेकिन देश का चौकीदार सोता रहा और देश में काला धन लाने की बजाय देश का सफेद धन विजय माल्या, नीरव मोदी लेकर चले गए.

# ढुल्लू ने चुनाव आयोग को किया गुमराह: विजय झा

## चार की जगह दो मामले में बताया सजायाफ्ता

संवाददाता ।धनबाद

पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय झा ने सोमवार को यूनियन क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं. विजय झा ने कहा कि ढुल्लू महतो ने चुनाव आयोग को गुमराह किया है. जिसके बारे में आयोग को पत्र लिखा गया है.

ढुल्लू ने अपने शपथ पत्र में19 केस का जिक्र किया है जबकि उनके ऊपर कुल 53 एफआईआर हुए हैं. शपथ पत्र में दिखाया गया है कि दो मामलों में सजा हुई है, जबकि कुल चार मामलों में उन्हें सजा हुई है. विजय झा ने बताया कि ढुल्लू को चार केस में कुल दस साल सात महीने की सजा सुनाई गई है. झा ने बताया कि बाघमारा के महुदा थाना में दर्ज कांड संख्या 242/2005 में दो साल एक महीने की सजा हुई है. वहीं बरोरा थाने के कांड संख्या 307/2006 में उन्हें एक साल की सजा हुई है. बरोरा थाने में अंकित कांड संख्या 133/2006 में ढुल्लू को एक साल सात महीने की सजा हुई है. कतरास थाने के कांड संख्या 120/2013 में छह साल की सजा हुई है. इस मामले में हुई अपील को भी सेशन जज ने डिसमिस कर दिया है. विजय झा ने कहा कि न्यायालय द्वारा ढुल्लू महतो को सजायाफ्ता करार दिया गया है.

### आईपीसी की किस धारा में कितने केस हुए हैं

आईपीसी की धारा 307 ( हत्या की कोशिश) में कुल 21 मुकदमे हुए हैं. आईपीसी की धारा 384, 385, 387 ( रंगदारी) में 13 मुकदमे हुए हैं. आर्म्स एक्ट और एक्सप्लोसिव एक्ट में 15 मुकदमे हुए हैं.

### स्वच्छ छवि के प्रत्याशी को वोट देने की अपील

विजय झा ने आम मतदाताओं से अपील की है कि 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें. साथ ही कहा कि स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशी को ही अपना मत दें. ताकि धनबाद में भयमुक्त माहौल बना रहे. झा ने कहा कि प्रत्याशी के चरित्र के आधार पर वोट करें.

# दुकान में चोरी करते युवक पकड़ाया गुस्साये लोगों ने पोल में बांधकर पीटा

संवाददाता ।झरिया

झरिया में लगातार चोरी की घटना में इजाफा हो रहा है. झरिया के जोरापोखर थाना क्षेत्र में स्थानीय लोगों ने एक दुकान में चोरी करते एक चोर को पकड़ पोल से बांध जमकर पिटाई की. घटना के बाद स्थानीय लोगो ने चोर को पुलिस के हवाले कर दिया. वहीं कुछ दिन पहले उसी दुकान में चोरी करने का प्रयास किया था. वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हुआ था. चोरी की लगातार हो रही घटना को देखते हुए स्थानीय लोगों ने पुलिस से शिकायत की थी. रविवार की रात भी जोरापोखर थाना क्षेत्र के सीएमआरआई गेट के पास एक दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने के दौरान चोर को स्थानीय लोगो ने पकड़ा. दुकान के मालिक मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि 5 मई को देर रात दो चोर चोरी करने की मकसद से दुकान के पास आए थे. इस दौरान चोर ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के साथ छेड़छाड़ किया और दूसरा चोर छत पर चढ़कर सीट को तोड़ने का प्रयास किया. तभी अचानक शोर मचाने से दोनो चोर भाग निकले थे. वही सोमवार को फिर दोनो चोर दुकान के पास चोरी की मकसद से दुकान के पास घूम रहे थे. इस दौरान एक चोर को पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दी गई. हालांकि दूसरा चोर भागने में कामयाब रहा. जबकि पकड़ा गया युवक खुद को बेकसूर बता रहा है. वह दुकान से सामान खरीदने के लिए आने की बात कह रहा है.

### चोरी की बाइक बरामद, एक गया जेल

तोपचांची। तोपचांची पुलिस ने सोमवार को चोरी की एक बाइक सहित बाइक चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि तोपचांची थाना क्षेत्र में बीते 18 मई को बढ़ई कुल्ही निवासी मोहम्मद इस्लाम अंसारी की बाइक चोरी हो गई थी. इसकी लिखित शिकायत के आधार पर तोपचांची थाना मे काण्ड संख्या 80/2024 धारा 379 भा0 द0 वि0 के तहत मामला दर्ज किया गया था. वारदात को लेकर विशेष छापामारी दल गठित कर छापेमारी की गई.

# ढुल्लू, मथुरा और सीपी चौधरी ने झारखंडियों को चूना लगाने का किया काम : जयराम महतो

संवाददाता ।कतरास



गिरिडीह लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में लगे है. सोमवार को कतरास जीएनएम मैदान में जयराम महतो ने चुनावी सभा को संबोधित किया. इस दौरान स्थानीय लोग जयराम के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे. जनसभा से जयराम की उपस्थिति में सैकड़ों की संख्या में बाइक रैली निकाली गई. बाइक रैली नदी किनारे स्थित सूर्य मंदिर से निकलकर कतरास थाना, छाताबाद, भटमुरना, आकाश किनारी होते हुए जीएनएम मैदान कतरास पहुंची. जयराम महतो ने अपने संबोधन में कहा कि वे झारखंडवासियों के हक के लिए के लिए चुनाव मैदान में हैं. झारखंड की 40% खनिज संपदा केन्द्र को मिलता है और झारखंड के विकास के लिए केंद्र को 40 मिनट का भी समय नही मिलता है. कोल कंपनियां की चार यूनिट झारखंड में होने के बावजूद भी इसका मुख्यालय कोलकाता में है. किस प्रकार झारखंडियों के साथ नाइंसाफी किया जा रहा है. यह किसी से छिपी नहीं है. विधायक ढुल्लू महतो मथुरा महतो, सांसद सीपी चौधरी पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग केवल और केवल अपने घर भरने का काम किया है. झारखंडवासियों को ही चूना लगाने का काम किया है. उन्होंने जनता के समक्ष वादा करते हुए कहा कि यदि वे सांसद बनते हैं तो अपनी सैलरी का 75% वे दान में दे देंगे. मौके पर रिजवान क्रांतिकारी, प्रदीप महतो, अभय महतो, विवेक महतो, मुकेश महतो, गौरव महतो, धनंजय महतो, मोना महतो, लोकेश दास, उषा कुमारी सहित हजारों लोग मौजूद थे.

**खास बातें**

- कतरास जीएनएम मैदान में जयराम महतो की सभा
- बाइक रैली निकाल कर चलाया जनसंपर्क अभियान

**लोकसभा चुनाव** केंद्र सरकार झारखंड के साथ अछूत की तरह कर रही है सौतेला व्यवहार, जनता ही देगी जवाब

# जनता एक नंबर व दो नंबर प्रत्याशी को समझ गई है : मिथिलेश

संवाददाता। पुटकी



झारखण्ड के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार साजिश रच संविधान में बदलाव कर जनता को उनके अधिकारों से वंचित कर रही है. देश मे लोकतंत्र समाप्त कर राजतंत्र की स्थापना करने में लगी है. वे मुनीडीह में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में सभा को सम्बोधित कर रहे थे. ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ अछूत की तरह देखते हुए सौतेला व्यवहार कर रही है. राज्य के युवा मुख्यमंत्री के विकास कार्यों को देख उन्हें झूठा केस कर जेल में बन्द कर दिया. कांग्रेस से 70 साल का हिसाब मांगनेवाली भाजपा ने 10 साल में एक भी कारखाना, डैम,यूनिवर्सिटी नहीं बनाया. उन्होंने कहा कि भाजपा की इमारत हिल चुकी है, जो कभी भी भरभरा कर गिर जाएगी. इनकी काठ की हांडी बार-बार चूल्हा पर नहीं चढ़ेगी. धनबाद की जनता एक नंबर व दो नबंर प्रत्याशी को समझ गयी है. सृष्टि रचयिता ने भी दो नंबरी प्रत्याशी को दो नंबर पर ही स्थान दिया है. मंत्री ने मंच पर ही कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी होने की घोषणा करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट किया. कहा कि दिसंबर तक मुनीडीह के हर घर में पेयजल की व्यवस्था व हर पंचायत में दस-दस चापानल लगाने की शुरुआत होने की बात कही.

प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि चुनाव जीताएं, जनता के बीच रहकर उनकी हर समस्या का निदान करूंगी .दीझाकोमयू के केंद्रीय अध्यक्ष एके सहाय ने कहा कि जाति-धर्म, अगड़ी-पिछड़ी, मन्दिर-मस्जिद बाहरी भीतरी के नाम पर राजनीति करने वाले भाजपा प्रत्याशी से जनता बचे.अन्यथा उन्हें पांच साल झेलना पड़ेगा.

### विद्यापति समिति ने किया इंडिया गठबंधन का समर्थन

**धनबाद** । झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि धनबाद विद्यापति समिति ने इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह को अपना समर्थन दिया है. यूनियन क्लब में सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान उक्त बातें कही. उन्होंने कहा कि देश की जनता फूट डालो राज करो की नीति को समझ चुकी है. मिथिलेश ठाकुर ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि जात-पात, बाहरी-भीतरी से ऊपर उठकर स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशी को वोट करें. आगे कहा कि मिथिला समाज बुद्धिजीवी समाज है. सोच समझ कर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को अपना समर्थन दिया है. इन्हें देखकर दूसरे समाज के लोगों को भी अनुपमा का समर्थन करना चाहिए. अखंड भारत की बात करते हुए कहा कि कोई भी कही भी रह और रोजगार कर सकता है. सभी सिर्फ भारतवासी है. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार साल में ढुल्लू महतो पर कई मुकदमें हुए. इसके बावजूद हमारी सरकार ने न्याय संगत कार्रवाई की. केंद्र जिस प्रकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है. वैसा हमारी सरकार ने नहीं किया. उन्होंने कहा कि हम संविधान के आधार पर चलते हैं. मौके पर अमितेश सहाय, विजय झा, एके झा, आशुतोष झा, अजय झा व अमरनाथ झा आदि मौजूद थे.

# महिला से चेन छिनतई, युवक को पीट कर पुलिस को सौंपा

संवाददाता ।धनबाद



सोमवार को शहर के पोलिटेक्निक रोड स्थित कार्मल स्कूल के सामने बाइक सवार युवक महिला के गले से सोने की छिनतई कर भागने लगा. महिना ने शोर मचाया तो स्थानीय लोगों ने घेरकर युवक को धर दबोचा और पिटाई कर धनबाद थाना पुलिस के हवाले कर दिया. महिला झाड़डीह की रहनेवाली है और उनका पति पतरातू आरपीएफ पोस्ट में पदस्थापित हैं. पुलिस के अनुसार सोमवार को बाजार से सामान खरीद कर घर जा रही थी. तभी पीछे से बाइक सवार युवक पीछे से पहुंचा और गले से चेन छीनने लगा. छीना झपटी में चेन टूट गया और महिला के हाथ में चेन का आधा हिस्सा रह गया. युवक टूटी चेन को लेकर ही भागने लगा. तभी महिला ने शोर मचाया और युवक पकड़ा गया. लोगों ने पहले युवक की जमकर पिटाई की और धनबाद थाना को सूचित किया. खबर पाकर पुलिस पहुंची और पूछताछ कर थाना ले गई. पकड़ाया युवक रणधीर वर्मा चौक स्थित डोमपाड़ा का रहनेवाला है. पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है. पुलिस का मानना है कि हाल के दिनों में चेन छिनतई की घटनाओं में युवक का हाथ हो सकता है. युवक से चेन छिनतई करनेवाले अन्य अपराधियों के बारे में पूछताछ कर रही है.

## ब्रीफ खबरें

### सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**धनबाद।** सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने सोमवार को वासेपुर के उर्दू प्राथमिक विद्यालय में बूथ संख्या 87, 88 का निरीक्षण किया. इस क्रम में उन्होंने मतदान केंद्रों के पास खुली नाली कवर करने, दरवाजे में प्रवेश व निकास के लिए पार्टिशन करने, टेबुल-कुर्सी की व्यवस्था करने, पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, शेड व सभी एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. इसके बाद उन्होंने मटकुरिया स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बूथ संख्या 71, 72, 73 का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन के साथ सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार मौजूद थे.

### रंजय हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीसी अवस्थी की अदालत ने रांची के होटवार जेल से वीसीएस द्वारा पेश किया गया. जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह हाजिर नहीं थे. अभियोजन ने गवाह पेश करने के लिए समय की याचना की. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की. बताते चलें कि रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह जेल में बंद है. रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब साढ़े पांच बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी.

### बीसीकेयू ने चलाया जनसंपर्क अभियान

मैथन। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ने सोमवार को मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी के समर्थन में खुदिया फाटक सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग में जनसंपर्क अभियान चलाया. मजदूरों को संबोधित करते हुए आगम राम ने कहा कि भाजपा कॉरपोरेट घराने की पार्टी है. इसलिए वह कोल इंडिया का निजीकरण कर कॉर्पोरेट घरानों को सौंपना चाह रही है. भाजपा को सत्ता से हटकर ही मजबूर अपने आप को सुरक्षित रख सकते हैं. मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा आवाज बुलंद करते रहे हैं. मजदूर उन्हें अपना मत देकर उन्हें संसद में भेजें. मजदूरों को कार्तिक दत्ता, लालू ओझा, दीपक सिंह, रंजीत मोदी, विमल महतो, राजेश सिंहा, कमल बाउरी इत्यादि ने भी संबोधित किया.

### नोनिया संयुक्त संघ की बैठक

**सांकतोड़िया।** नोनिया संयुक्त संघ (आरएनएसएस) की एक मंथन बैठक सोमवार को धेमोमैन स्थित सामुदायिक भवन में की गई. बैठक में आने वाले समय में संगठन की रुप रेखा, हर घर से जुड़ना सहित प्रत्येक नोनिया को जाति प्रमाण पत्र दिलवाने के उपर विशेष चर्चा की गई. साथ ही ब्लॉक स्तर में भी टीम की गठन करने का निर्णय लिया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष कुंदन प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष अमरजीत नोनिया, प्रदेश कमेटी के सदस्य अमरदीप चौहान, बर्दवान जिला अध्यक्ष धर्मवीर नोनिया, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज प्रसाद, जिला महासचिव उमाशंकर नोनिया आदि मौजूद थे .

# अस्पताल में भर्ती महिला की मौत पर हंगामा

संवाददाता ।बाघमारा



**देर रात तक प्रबंधन के खिलाफ धरने पर बैठे रहे परिजन**

**खास बातें**
- 27 अप्रैल को बिलु देवी को कराया गया था भर्ती
- 29 अप्रैल को महिला का हुआ था ऑपरेशन

थाना क्षेत्र के डुमरा हिरक रोड़ स्थित अनवित हेल्थ सेंटर अस्पताल में सोमवार के दिन ईलाज के दौरान 45 वर्षीय बिलु देवी नामक महिला की मौत हो गई. इस घटना के बाद उत्तेजित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही बताते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया. सूचना पाकर मौके पर बाघमारा थाना प्रभारी सुजीत कुमार सिंह एवं बरोरा थाना प्रभारी विकास कुमार दलबल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया. जानकारी के अनुसार फतेहपुर पंचायत बंदियों जिला बोकारो की बिलु देवी को उनके पुत्र रवि कुमार एवं संजय कुमार ने 27 अप्रैल को उक्त अस्पताल में भर्ती कराया था. दूसरे दिन 29 अप्रैल को आपरेशन हुआ, जिसके बाद से लगातार ईलाज के दौरान महिला अस्पताल में भर्ती रही. इसी बीच पिछले 18 मई को महिला के पेट में दर्द उठना शुरू हुआ. दो दिन बाद 20 मई को प्रातः 10 बजे के आसपास महिला की मौत हो गई. ऑपरेशन अस्पताल के चिकित्सक आशीष कुमार एवं केशव कुमार द्वारा किया गया था. इस संदर्भ में अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि यहाँ से मरीज को रेफर कर दिया गया था. लेकिन ये लोग उसे नहीं ले गए. समाचार लिखे जाने तक महिला के परिजन अस्पताल में डटे हुए थे.

# कांग्रेस की सरकार बनी तो गरीब महिलाओं को मिलेगा एक लाख

- भाजपा से लोगों का मोहभंग, देश में चल रही बदलाव की हवा
- बूथ में मिले वोट के आधार पर कार्यकर्ताओं को मिलेगा पद



संवाददाता ।धनबाद

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही सबसे पहले गरीब महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपये मिलने लगेंगे. उन्होंने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव बिल्कुल अलग है. इस बार संविधान को बचाने की लड़ाई है. कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि आज से चार दिन सिर्फ अपने बूथ को मजबूत करने में लगे. यही मेहनत कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाएगी. सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं के अपने बूथ पर मिले वोट के आधार पर उन्हें पार्टी में पद मिलेगा. आगे कहा कि भाजपा के तानाशाही एवं उनके चाल, चेहरा और चरित्र को देश की जनता समझ चुकी है. भाजपा से लोगों का मोहभंग हुआ है. कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास जगा है. देश में बदलाव की हवा चल रही है और निश्चित रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव में देश में इंडिया महागठबंधन की सुनिश्चित सरकार बनेगी. धनबाद में इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के प्रति लोगों का समर्पण और उत्साह देख निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा से यहां की जनता अनुपमा सिंह को ऐतिहासिक जीत दिलाएगी.

# गरीबों के लिए सबसे अधिक काम नरेंद्र मोदी ने किया : बाबूलाल मरांडी

संवाददाता ।गोविंदपुर




भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि गरीबों के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितना काम किया है. उतना काम किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया है. यही कारण है कि मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे. सोमवार को गोविंदपुर प्रखंड के टीटीचापड़ी गांव में प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन लूट की सरकार चला रहे थे. सरकारी और सेना की जमीन को हड़पा था. उनकी सरकार भ्रष्ट सरकार थी, जिसके कारण हेमंत सोरेन आज होटवार जेल में है. संविधान की ही देन है कि आज देश की आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं. संविधान के बदौलत ही वह भी झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बने और संविधान के कारण ही आज ढुल्लू महतो सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं. उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का संविधान नहीं होता तो चाय बेचने वाला आज देश का प्रधानमंत्री नहीं होता. प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि बड़ों के आशीर्वाद और छोटे के सहयोग से वह भारी मतों से चुनाव जीतेंगे. उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं. उन्होंने विरोधियों पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि ढुल्लू महतो पर कई-कई मुकदमा है, परंतु उनपर राहुल गांधी से कम मुकदमा है.

**खास बातें**
- हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्ट थी, इसलिए जेल में हैं
- राहुल गांधी से कम है ढुल्लू महतो पर मुकदमा

### रामचंद्र चंद्रवंशी ने मांगा ढुल्लू के लिए समर्थन

निरसा : निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता और जिला परिषद सदस्य पिंकी मरांडी के नेतृत्व में धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो के समर्थन में निरसा विधानसभा अंतर्गत रांगामाटी में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया .इसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए और उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज इस निरसा की धरती पर उमड़ा जनसैलाब बता रहा है कि इस बार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है. विश्रामपुर विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने सम्बोधित करते हुए भाजपा को वोट देने की अपील की.

### सांसद पीएन सिंह के अधूरे काम को पूरा करेंगे : ढुल्लू महतो

ढुल्लू महतो ने कहा कि सांसद पीएन सिंह के अधूरे काम वह पूरा करेंगे. सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय गिरि और संचालक मोहन कुंभकार ने किया. मौके पर लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू, संयोजक सत्येंद्र कुमार, विधानसभा प्रभारी संजीव अग्रवाल, अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, तारा देवी, नंदलाल अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह, वीरेंद्र हांसदा, रविश्वर मरांडी, प्रमोद हेंब्रम, धर्मजीत सिंह, रमेश राही, जया कुमार, विक्रांत उपाध्याय, प्रकाश बाउरी, ओमप्रकाश बजाज, दिनेश मंडल, राजकिशोर महतो, सुमिता दास, नीतू शंकर, भारती देवी, संतलाल प्रमाणिक, खगेन चौधरी, विनोद पांडेय, निर्मल कुंभकार, विनोद रजवार, निताई रजवार, राजा दास, विश्वनाथ पाल, जहीर अंसारी, सफीक आलम, सुभाष गिरि, सुजीत चौधरी, अरविंद पाठक, गोविंद राय, दिलीप पांडेय, बाबू भगत, चुन्नी मजूमदार, मंटू रवानी, विश्वनाथ पाल, बाबू भगत आदि शामिल थे. इस अवसर पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कीरिटी भूषण रूज, पंसस बुबाई दत्ता, मार्क्सवादी युवा मोर्चा के अध्यक्ष दुलाल चंद्रा, मानिक चंद्र दत्ता, किशन रवानी, आशीष चंद्रा, दयामय दत्ता, गौतम विष्टू, सुभाष घाटी, उत्तम सेन, आनंद सेन, अखिलेश पासवान, बिपलब चंद्र, मलाई दत्त, रोहन कुमार दास, सुनील रवानी, दिनेश रक्षित आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.

## कोर्ट की खबरें

### कोल शार्टेज मामले में बीसीसीएल के पूर्व विजिलेंस अधिकारी की गवाही

**धनबाद ।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के लोदना क्षेत्र के नॉर्थ तिसरा व साउथ तिसरा उत्खनन परियोजना में हुए लाखों मीट्रिक टन कोल शार्टेज मामले की सुनवाई सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार की अदालत में हुई. अभियोजन की ओर से सीबीआइ के लोक अभियोजक मुरारी कुमार आर्य ने बीसीसीएल के तत्कालीन सुपरिटेंडेंट आफ माइंस (विजिलेंस) अधिकारी अंजनी कुमार की गवाही कराई. गवाह अंजनी कुमार ने अदालत को बताया कि वह 20 अक्टूबर 2016 से दिसंबर 2020 तक विजिलेंस डिपार्टमेंट में कार्यरत थे. उन्होंने मुख्य सतर्कता पदाधिकारी के आदेश पर कोयले स्टॉक की मापी करने लोदना क्षेत्र के नॉर्थ तिसरा व साउथ तिसरा ओसीपी गए थे. बचाव पक्ष के अधिवक्ता डीके चौबे व संजीव पांडेय ने गवाह का प्रति परीक्षण किया. अदालत ने साक्ष्य के लिए अगली तारीख निर्धारित कर दी है. अदालत में सुनवाई के दौरान लोदना क्षेत्र के पूर्व महाप्रबंधक टीके बंदोपाध्याय, पूर्व एजीएम कन्हैया सिंह, मैनेजर आदिश यादव गैर हाजिर थे. जबकि सुरजीत मितल व एचसी कुशवाहा उपस्थित थे.

**ये है आरोप :** सीबीआइ इंस्पेक्टर एमके पाठक, सब इंस्पेक्टर आरसी खत्री व बीसीसीएल के विजिलेंस डिपार्टमेंट की ओर से अंजनी कुमार सुपरिटेंडेंट ऑफ माइंस (विजिलेंस) व संजय कुमार सीनियर माइनिंग इंजीनियर (विजिलेंस) की संयुक्त टीम ने लोदना क्षेत्र के नॉर्थ तिसरा व साउथ तिसरा उत्खनन परियोजना के कोयले का बुक स्टॉक की जांच की. जांच के दौरान 20.5.2010 से 24.5.2010 की अवधि में नॉर्थ तिसरा व साउथ तिसरा उत्खनन परियोजना में 312989.100 लाख मीट्रिक टन कोल शॉर्टेज था. जिससे बीसीसीएल को करीब 42 करोड़ रूपये का आर्थिक नुकसान हुआ था.

### दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म, 22 साल की कैद



धनबाद। दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बनाने के मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी बरवाअड्डा निवासी राम दास कुमार मिश्रा को 22 वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. शनिवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. मामले कह प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर बरवाअड्डा थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी पूजा पाठ करने के लिए गांव में आता था. आरोप था कि जब भी पीड़िता शौच करने के लिए जाती थी तो आरोपी उसका पीछा करता था. इस दौरान आरोपी ने उसे शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था. जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उसे दवा खिला दिया था. इस कारण उसका गर्भ खराब हो गया. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 16 अक्टूबर 2023 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था. 19 अक्टूबर 2023 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी. सुनवाई के दौरान अभियोजन ने 6 गवाहों का परीक्षण कराया था.

# चिरकुंडा के दो बूथ आदर्श मतदान केंद्र घोषित हुए

संवाददाता ।मैथन



चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के दो मतदान केंद्र जेकेआरआर प्लस टू स्कूल, चिरकुंडा और चिरकुंडा बालक-बालिका मध्य विद्यालय को आदर्श मतदान केंद्र जिला प्रशासन द्वारा घोषित किया गया है. इन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के सुविधा हेतु पंडाल, पंखा, गुब्बारा, ट्वाइस (खिलौने), कार्पेट, ठंडा पानी की व्यवस्था की जाएगी. साथ ही मतदाताओं को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि पूरे नगर परिषद क्षेत्र के 21 वार्डों में कुल 38 मतदान केंद्र हैं. सभी मतदान केंद्रों पर नियमानुसार सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है. सभी बूथों पर पानी, शौचालय, बिजली, पंखा, साफ-सफाई, डस्टबीन आदि सहित ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है. कहा कि इन बूथों पर नगर परिषद द्वारा छह सुपरवाइजर अमर दास, चिनमय बनर्जी, अनिल साव, बैजू साव, अनुप कुमार, ओंकारनाथ श्रीवास्तव को प्रतिनियुक्त किया गया है, कार्य को पूरा कराने में जोर शोर से लगे हुए हैं. उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों के लिए नाश्ता व भोजन की भी व्यवस्था की गई है.

### 81 के हुए कंसारी को खूब मिली बधाई

**धनबाद।** धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सह झारखंड सुढी समाज के प्रदेश अध्यक्ष कंसारी मंडल सोमवार को 81 वर्ष की आयु में प्रवेश कर गए. बार एसोसिएशन के सदस्यों ने कंसारी मंडल को बधाई दी तथा लंबी उम्र की ईश्वर से कामना की. बार एसोसिएशन के वरीय अधिवक्ताओं ने केक काटकर कंसारी मंडल का जन्मदिन मनाया.कंसारी मंडल पिछले 53 वर्षो से वकालत के पेशे में हैं. एवं झारखंड के सक्रिय राजनीति में वर्ष 1973 से जुड़े हुए हैं. झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में शिबू सोरेन के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठन एवं आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं.झारखंड में सुढी समाज को उसका अधिकार दिलाने के लिए वह निरंतर आंदोलन करते रहे हैं. कंसारी मंडल के जन्मदिन पर वरीय अधिवक्ता बृजेंद्र प्रसाद सिंह, उदय कुमार भट्ट, प्रभाकर सिंह, अशोक मंडल अधिवक्ताओं ने पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी.

# सीडब्ल्यूसी ने किया नशे के शिकार बच्चे का रेस्क्यू

संवाददाता ।धनबाद



धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत सोमवार को धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर से नशे के शिकार एक और नाबालिग का रेस्क्यू सीडब्ल्यूसी के सहयोग से किया गया. इसके पूर्व 13 मई को भी एक बच्चे का रेस्क्यू किया गया था.बच्चों को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल धनबाद में लाया गया. इसकी सूचना मिलते ही अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन सदर अस्पताल पहुंचे और बच्चे से बातचीत की. डॉक्टर को बच्चे के समुचित इलाज का निर्देश दिया. न्यायाधीश ने सीडब्ल्यूसी को निर्देश दिया कि बच्चे की पढ़ाई लिखाई और उचित देखभाल के लिए तुरंत प्रबंध किया जाए. नाबालिग बच्चा बस्ताकोला का रहने वाला है. उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह रेलवे स्टेशन में रहता है. उसने बताया कि साथियों के साथ उसने नशा करना सीख गया था. अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि झालसा के निर्देश पर नशाखोरी में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर डॉक्टर की सहायता से उनकी लत को छुड़ाकर उनके उज्जवल एवं बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर वात्सल्य परियोजना पूरे जिले में चलाई जा रही है. इसके तहत दूसरे बच्चे का भी रेस्क्यू हुआ है. इस मौके पर परियोजना के सदस्, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, डीसीपीओ साधना कुमारी, एनजीओ के सदस्य संतोष विकराल, महेश्वर रवानी, पीएलवी चंदन कुमार, अजीत कुमार दास ने भाग लिया.

### बच्चों को नशा करने से रोकना होगा : हलिमा

**महुदा :** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनबाद के सहयोग से वात्सल्य मिशन के तहत झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा नशा उन्मूलन पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन बाघमारा प्रखण्ड के छत्रुटांड, कुमारडीह, कदमटांड़ आदि गांव में किशोरी मंडल के साथ किया गया. मौके पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के सचिव हलिमा एजाज ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं. बच्चे भी नशा के आदि हो रहे है. जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है. आज हम सभी को शपथ लेना होगा कि स्वस्थ समाज निर्माण के लिए न हम नशा का सेवन करेंगे और न ही बच्चो को करने देंगे.

# 56 रेल पुलिसकर्मियों के भरोसे 1680 किमी की सुरक्षा

## 293 स्टेशनों से गुजरती है 537 ट्रेनें, एक में भी एस्कोर्ट नहीं, चुनाव ड्यूटी पर गए हैं 527 पुलिसकर्मी

संवाददाता ।धनबाद



मौसम के साथ-साथ चुनावी तापमान भले ही चरम पर है, लेकिन धनबाद रेल जिला पुलिस की 1680 किमी क्षेत्र की सुरक्षा पूरी तरह से ध्वस्त हो गयी है. झारखंड के 24 में 16 जिला का क्षेत्र धनबाद रेल जिला पुलिस के अधीन है. जहां से 537 ट्रेनें गुजरती है और इसके अंतर्गत 22 रेल थाना है. रेल पुलिस अधीक्षक, रेल डीएसपी व पुलिस लाइन समेत 22 थानों में अभी मात्र 56 पदाधिकारी व पुलिसकर्मियों की ड्यूटी है.

सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल जिला पुलिस क्षेत्र के 293 स्टेशनों से 537 ट्रेनें गुजरती है. जिसमें 10 लाख से अधिक यात्री सफर करते हैं. 583 पुलिसकर्मियों में 527 चुनाव ड्यूटी में दूसरे जिले गए है. सभी पुलिसकर्मी मतदान खत्म होने के बाद जून के प्रथम सप्ताह में लौटेंगे. फिलहाल अभी सभी थानों की स्थिति खाली-खाली है. पदाधिकारी समेत दो से तीन पुलिसकर्मी नजर आते हैं. 537 में एक भी ट्रेनों का एस्कोर्ट नहीं हो रहा है. यात्रियों का कहना है कि ट्रेनों में सफर करनेवाले लाखों यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है. कब किस यात्री के साथ किस तरह की घटना घट जाए, इसे देखने वाला कोई नहीं है. मारपीट, छिनतई, लूटपाट या ट्रेन से गिरे यात्री को भी देखनेवाला अभी कोई नहीं है. रेल संपत्ति की सुरक्षा आरपीएफ के जिम्मे है. अभी आरपीएफ के पदाधिकारी व जवान ही जहां-तहां नजर आते हैं और यात्रियों की सुरक्षा करने का दावा करते हैं.

### अपराध और नक्सल प्रभावित है जीआरपी का क्षेत्र

रेल पुलिस के अनुसार धनबाद रेल जिला पुलिस का क्षेत्र अपराध व नक्सल प्रभावित है. धनबाद से कोडरमा, धनबाद से चंद्रपुरा-बरकाकाना से लेकर गढ़वा, धनबाद से कुमारधुबी, चितरंजन, जसीडीह, बड़हरवा, पाकुड़ से लेकर साहिबगंज तक जीआरपी का क्षेत्र है. इतने बड़े क्षेत्र में 22 रेल थाना है, लेकिन अभी थानों में पदाधिकारी व पुलिसकर्मियों के नहीं होने से पुलिस पदाधिकारी व कर्मी भी भगवान से विनती करते हैं कि कहीं भी कोई बड़ी घटना न घटे. पुलिसकर्मी बताते हैं कि अभी लोकसभा चुनाव के समय रेलवे क्षेत्र में भी आपराधिक घटनाएं नहीं के बराबर हो रही है. सिर्फ मोबाइल या पर्स गुम होने की शिकायत लेकर यात्री आते हैं.

### ट्रेन से गिरकर महिला तड़पती रही

15 मई को धनबाद स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिरकर एक महिला दो घंटे तक तड़पती रही है, लेकिन उसे अस्पताल पहुंचाने वाला भी कोई नहीं था. गांधी रोड धनसार की महिला गीता देवी के घरवाले सूचना पाकर स्टेशन पहुंचे और रेल थाना जाकर पुलिस को सूचना दी, लेकिन वे लोग यह कहकर नहीं गए कि मात्र दो ही पुलिसकर्मी है. थाना छोड़कर नहीं जा सकते हैं. उसके बाद आरपीएफ को जब खबर मिली तो वे लोग महिला को अस्पताल में भर्ती कराया.

# कोलियरियों को बचाना है, तो भाजपा को हटाना ही होगा : सुजीत भट्टाचार्य

संवाददाता ।मैथन



**खास बातें**
- कम कर्मचारी होने पर प्राईवेट हो जायेंगी कोलियरियां
- यह लोकसभा चुनाव देश बेचने और देश बचाने के लिए

मजदूर यूनियनों के संयुक्त मोर्चा द्वारा सोमवार को इंडी गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में श्यामपुर बी कोलियरी में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया. सभा को संबोधित करते हुए जेबीसीसीआई सदस्य सह सीपीएम नेता सुजीत भट्टाचार्य ने कहा कि कोल इंडिया की अनुषंगीक इकाई ईसीएल में 57 भूमिगत खदान चल रही है. बीजेपी सरकार धीरे-धीरे सभी चालू खदानों को भी एमडीओ मोड पर औने-पौने दामों पर बेच देगी. कोल इंडिया का अस्तित्व ख़तरे में है. जिस दिन कोलियरियों में एक लाख से कम कर्मचारी हो जायेंगे, उस दिन कोल इंडिया को खत्म कर कोलियरियों को प्राइवेट कर दिया जायेगा. यह लोकसभा चुनाव देश बेचने और देश बचाने वालों के बीच हो रहा है. देश बेचने वाले लोग कोल इंडिया के चालू खदानों को अडानी-अम्बानी के हाथों में सौंप देंगे. मुगमा क्षेत्र में गोपीनाथपुर कोलियरी को बेच दिया गया. देश के पूर्व प्रधानमंत्री ने कोल इंडिया बनाया, बैंक बनाया, डीवीसी बनाया, सेल बनाया, एचसीएल बनाया. अब उन सब का निजीकरण किया जा रहा है. कांग्रेस की अगुवाई में अगर आइएनडीआईए गठबंधन सत्ता में आती है, तो युवा न्याय, महिला न्याय, श्रमिक न्याय, किसान न्याय सहित नौजवानों को पक्की सरकारी नौकरी, गरीब परिवार के एक महिला को प्रति वर्ष एक लाख रुपये दी जाएगी. नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता जगदीश शर्मा एवं संचालन विपिन मंडल ने किया.

नुक्कड़ सभा को श्यामल सरकार, शशि भूषण तिवारी, कृष्णा सिंह, हरेंद्र सिंह, गणेश धर, संजय पालित, जयदेव पात्रो, सत्येंद्र कुमार, संजय कुमार इत्यादि ने भी संबोधित किया.

## ब्रीफ खबरें

### उत्पाद विभाग ने की छापेमारी, चार धराए

**बोकारो।** बोकारो जिला उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन में सोमवार को कसमार में छापेमारी की गई. बताया गया कि बीडीओ अनिल कुमार एवं उत्पाद निरीक्षक के पर्यवेक्षण में उत्पाद टीम ने कसमार प्रखंड के चण्डीपुर, चांदनी चौक, मधुकरपुर एवं पीरगुल ग्राम में अवैध शराब बिक्री केंद्र पर छापेमारी की. इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने 157.20 लीटर बीयर, 132 लीटर देशी शराब एवं 85 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त किया. बीयर व देसी शराब पर फॉर सेल इन वेस्ट बंगाल लिखा हुआ था. घटनास्थल से कुल चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया एवं दो फरार अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया.

### चोर गिरोह के तीन धराए, बैटरी बरामद

**गोड्डा।** रात के अंधेरे में घर के बाहर खड़े टेंपो से बैटरी की चोरी करने वाले अंतरराज्य गिरोह का खुलासा मेहरमा पुलिस ने किया है. टेंपो से बैटरी की चोरी कर लिए जाने की घटना पर मेहरमा थाने में दर्ज करने के बाद कांड की प्राथमिकी अभियुक्त सुधीर मंडल की गिरफ्तारी के लिए सीमावर्ती पड़ोसी राज्य बिहार के इशीपुर भागलपुर में छापेमारी की गई. इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में सुधीर मंडल को गिरफ्तार किया गया और चोरी गए बैटरी को भी बरामद कर लिया गया. पूछताछ के क्रम में सुधीर मंडल ने अपने दो अन्य साथियों का भी नाम बताया जिनके साथ मिलकर वे ट्रैक्टर, टेंपो ,कार, बस से बैटरी चुराने का काम कर रहा था. इसके बयान के आधार पर थाना प्रभारी नीतीश अश्वनी एवं टीम द्वारा भागलपुर में की गई छापेमारी के बाद दोनों साथी चोर को भी गिरफ्तार कर लिया गया.

### ड्राइवर की पीटकर हत्या, गिरफ्तार

**पथरगामा ।** ऑटो पार्ट्स की चोरी कर लिए जाने को लेकर हुए विवाद के बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई. जिसमें घायल एक की इलाज के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई. घटना पथरगामा थाना अंतर्गत ग्राम दिग्घी की है. बीते रविवार की रात दिग्घी ग्राम में ऑटो रिक्शा के सामान चोरी के विवाद में ऑटो चालक ग्राम कोरका निवासी कैलाश मंडल को मारपीट कर घायल कर दिया. पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर ऑटो रिक्शा में ही बेहोश पड़े कैलाश मंडल को सदर अस्पताल गोड्डा में भर्ती करवाया. जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई. इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है.

आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में कसमार में चलाया जनसंपर्क अभियान

# दिख रहा है मोदी की गारंटी का असर : डॉ. लंबोदर महतो

संवाददाता।बोकारो

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में सोमवार को कसमार प्रखंड के सात पंचायतों में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया गया. जनसंपर्क में गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो, स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज समेत भाजपा एवं आजसू पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.

इस अवसर पर विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि आजसू पार्टी एवं वर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पांच साल के विकास कार्य एवं केंद्र सरकार में नरेंद्र मोदी की गारंटी का ही असर है कि इस बार भी जनता का झुकाव एनडीए की ओर है. इस बार देश में 400 पार तो होना तय है, झारखंड में भी सभी 14 सीटें एनडीए के खाते में जाएगी. उन्होंने कहा कि सीपी चौधरी के पक्ष में पूरे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में जोरदार लहर है

**विजयी बनाने की अपील :** जनसंपर्क अभियान की शुरुआत कसमार बाजार टांड़ से हुई जो कसमार, गर्री, मंजूरा, सोखाडीह, मायापुर, भुचुंगडीह, पारटांड़, मधुकरपुर, चंडीपुर, रानीटांड़, हंसलता, दांतू, सोनपुरा, कमलापुर, पोंडा, धधकिया, चट्टी, सुरजुडीह से लेकर बेंदोटांड़ तक गयी. इस दौरान बाइक रैली के माध्यम से जगह जगह नुक्कड़ सभा का आयोजन कर आजसू पार्टी प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को केला छाप में बटन दबाकर विजयी बनाने की अपील की.



### ये थे मौजूद

मौके पर विधायक की पत्नी कौशल्या देवी, जिप सदस्य अमरदीप महाराज, यदुनंदन जायसवाल, बानेश्वर महतो, सुरेन्द्र महतो, उत्तम मुखर्जी, ईश्वर रजक, शशिशेखर, महानंद महतो, महेन्द्र नाथ महतो, उमेश महतो, देवेन्द्र नाथ महतो, प्रताप सिंह, सुभाषचंद्र महतो,गंगाधर बैठा, पिंकु शर्मा, कमलकिशोर कपरदार, राहुल स्वर्णकार, मधु झा, अनुप पाण्डेय, धनलाल कपरदार, इस्लाम अंसारी , राजु महतो, मोसिन अंसारी, विकास प्रजापति, मदन महतो, प्रकाश केवट, आशीष स्वर्णकार, सुफल रविदास, अशोक प्रजापति, शुभम झा, विवेक ठाकुर , विनोद महतो, धनेश्वर सिंह, गौतम रजक, प्रदीप महतो, धीरज भट्टाचार्य सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# गोड्डा के मेला मैदान में कल प्रियंका की चुनावी सभा

संवाददाता ।गोड्डा



गोड्डा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन में प्रचार करने के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बुधवार को गोड्डा मुख्यालय पहुंच रही है.

प्रदेश कांग्रेस कमेटी रांची द्वारा जारी किए गए पत्र के आलोक में बताया गया है कि गांधी दिन के साढ़े ग्यारह बजे गोड्डा कॉलेज स्थित हेलीपेड पर पहुंचेगी और वहां से सड़क मार्ग से शहर के मेला मैदान आएंगी. मेला मैदान में प्रियंका गांधी आम सभा को संबोधित करेंगी. विपक्षी गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव गोड्डा लोकसभा सीट से उम्मीदवार है. इनके समर्थन में जनता से वोट मांगने के लिए श्रीमती गांधी आएंगी. इस अवसर पर गठबंधन में शामिल अन्य दलों के वरिष्ट नेताओं के भी शामिल होने की संभावना है. नेताओं के आगमन को लेकर तैयारी आरंभ कर दी गई है.

सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक ने जिला नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

# पोस्टल बैलेट, स्ट्रांग रूम का लिया जायजा , दिए कई निर्देश





संवाददाता ।बोकारो

बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबू की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर अब तक की गई तैयारियों एवं मतदान केंद्रों, ईवीएम, वीवीपैट, मतदान कर्मियों की सुरक्षा को लेकर फोर्स डेप्लॉयमेंट एवं कम्युनिकेशन प्लान पर चर्चा की. मौके पर गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के पुलिस प्रेक्षक मोहित चावला, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स कमांडेंट राजीव कुमार उपस्थित थे.

सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक ने क्रमवार गिरिडीह संसदीय क्षेत्र एवं धनबाद संसदीय क्षेत्र में मतदान को भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर फोर्स डेप्लॉयमेंट एवं कम्युनिकेशन प्लान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. इस दौरान कई दिशा निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए . मतदान दिवस एवं उससे पूर्व सुरक्षा को लेकर सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरूस्त करने, फोर्स डेप्लॉयमेंट एवं कम्युनिकेशन प्लान के अनुसार सुरक्षाबलों की प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया.

### नियमों और प्रपत्रों की जानकारी दी गई



**साहिबगंज।** सोमवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य में शत प्रतिशत मतदान के लिए उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में होम वोटिंग से संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं माइक्रो आब्जर्वर के साथ बैठक की गई.

उपायुक्त ने होम वोटिंग के नियमों एवं प्रपत्रों की जानकारी दी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए. जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार ,जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, सेक्टर मजिस्ट्रेट और माइक्रो ऑब्जर्वर शामिल हुए.

### सीसीटीवी मॉनिटर का अवलोकन किया

सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक ने लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर गठित जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष ( कंपोजिट कंट्रोल रूम) का जायजा लिया. अधिष्ठापित सीसीटीवी मॉनिटर का अवलोकन किया . विभिन्न एसएसटी चेकपोस्टों पर वाहनों की आवाजाही, टीम द्वारा जांच को देखा . वहीं, सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक ने पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम ( जिला कोषागार) का भी निरीक्षण किया . जिला कोषागार पदाधिकारी से वज्रगृह से संबंधित जरूरी जानकारी प्राप्त की . सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया . सीसीटीवी टीवी मॉनिटर को देखा . मौके पर उपस्थित डीईओ सह डीसी, पुलिस अधीक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिया .

गोमिया प्रखंड के कई गांवों में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

# इंडिया गठबंधन को मिल रहा है अपार समर्थन : योगेंद्र प्रसाद

**खास बातें**

- झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में मतदान की अपील
- मोदी के तानाशाही के खिलाफ देश में आक्रोश है



संवाददाता ।बोकारो

झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने सोमवार को गोमिया प्रखंड के तुलबुल पंचायत के हरदियामो,

तुलबुल, मांझी टोला, मेरालघुटू एवं बरवाडीह, हरदियामो, चैलियाटांड़ में जनसंपर्क अभियान चलाकर गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में वोट देने की अपील की. इस अवसर पर कई गांव में ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए झामुमो को वोट देने का वादा किया. इस दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन को अपार समर्थन मिल रहा है.

मोदी सरकार की तानाशाही, वादा खिलाफी, नकारात्मक राजनीति, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ देश में आक्रोश है. इस चुनाव में बदलाव की बयार बह रही है. गिरिडीह में भी सांसद सीपी चौधरी द्वारा जनता की अनदेखी के खिलाफ लोगों में आक्रोश है. यह मौका है कि ऐसे निष्क्रिय सांसद और घमंड के आकंठ में डूबी केंद्र सरकार को अपने वोट से चोट दें. इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करें और गरीब गुरबों और आपके हितों की सोचने वाली एवं संविधान, लोकतंत्र एवं आरक्षण की रक्षा करने वाली सरकार बनाएं.

## चन्द्रप्रकाश ने जनसंपर्क किया, मतदान की अपील की

संवाददाता ।डुमरी



एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को डुमरी प्रखंड के दर्जनों गांवों में धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 25 मई को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की. इस दौरान सभी गांवों में

लोगों की उमड़ी भीड ने प्रधानमंत्री के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं एनडीए प्रत्याशी सह सांसद द्वारा जनहित में किये गए कार्यों पर भरोसा जताते हुए अपना समर्थन देने का भरोसा दिया.एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी ने प्रखंड के मधगोपाली, तांबागुड़ियो, असुरबांध, टिंगरा, भरखर, चेगरो, चीनो, कल्हाबार, अतकी, जामतारा, चैनपुर, डुमरी, डुमरचुटियो आदि गांवों में लोगों के साथ बैठक कर बीते पांच वर्षों में क्षेत्र के विकास में किये गए कार्यों को बताकर लोगों से समर्थन देने की अपील की.एनडीए प्रत्याशी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है.

**कई निर्णय लिए जायेंगे :** चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि तीसरी बार प्रधामंत्री बनने के बाद देशहित में और कई बड़े निर्णय लिए जायेंगे.

# आपका एक वोट आपका निर्णय है मतदान जरूर करें: मधुसूदन मोदक

संवाददाता ।गोड्डा



आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण वातावरण में करवाने के उदेश्य से सदर प्रभाग के पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने मोतिया ओपी प्रभारी महावीर पंडित के साथ मिलकर सोमवार को मोतिया थाना अन्तर्गत विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया. इस क्रम में पुलिस निरीक्षक मोदक ने कई गांवों का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया. पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने ग्रमीणों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें संविधान से मतदान करने का अधिकार प्राप्त है. हमें अपने मताधिकारों का प्रयोग करके अपनी सशक्त सरकार चुननी चाहिये और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिये. इसलिए हम सबको मतदान अवश्य करना चाहिए. भले ही चुनाव पांच साल में एक बार आता है. पर यह हम सब के लिए बहुत महत्वपूर्ण समय है. मतदान को अपना अधिकार व कर्तव्य मानते हुए घर से बाहर निकलें और मतदान करते हुए अपने पसंद के उम्मीदवार को चुनें.

### उपस्थिति बढ़ाने को लेकर अभियान चलाया गया

**बोकारो ।**विद्यालय में नामांकित सभी विद्यार्थियों का नियमित विद्यालय में उपस्थिति को लेकर कसमार स्थित प्लस टू हाई स्कूल के शिक्षकों ने सोमवार को अभियान चलाया. इस दौरान प्रयास कार्यक्रम के तहत बच्चों के चहुंमुखी विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों के द्वारा विद्यार्थियों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया गया. विद्यालय के शिक्षक डॉ. अवनीश कुमार झा, धनंजय कुमार, सुजाता कुमारी एवं नितेश कुमार प्रजापति ने टोला टैगिंग के तहत गर्री गांव का भ्रमण किया. टीम ने ग्राम गर्री में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों, अभिभावकों एवं छात्र - छात्राओं से बातचीत की और विद्यालय में अनुपस्थित छात्र - छात्राओं को विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया. अभिभावकों ने विद्यार्थियों को समय से विद्यालय भेजने का भरोसा दिया.

बोकारो में मतदान करते समय फोटो लिए जाने की शिकायत मिल रही है

# मतदान कक्ष में मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं

संवाददाता ।बोकारो

मतदान कक्ष में पीठासीन पदाधिकारी (पीओ) एवं माइक्रो ऑब्जर्वर्स (एमओ) को छोड़कर अन्य कोई भी कर्मी या मतदाता या राजनितिक पार्टियों द्वारा प्रतिनियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) मतदान कक्ष के अंदर मोबाइल फोन लेकर प्रवेश नहीं करेंगे. मतदान कक्ष में मोबाइल फोन लेकर प्रवेश निषेध रहेगा. इस बाबत सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने सभी पीठासीन पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है. इसको लेकर निर्वाचन शाखा द्वारा पत्र भी जारी कर दिया गया है.

### बैलेट यूनिट का बटन दबाते हुए फोटो, वीडियो, सेल्फी नहीं लें

किसी भी परिस्थिति में कोई भी मतदाता, मतदान करते समय स्वयं का या बैलेट यूनिट का बटन दबाते हुए फोटो, वीडियो, सेल्फी नहीं लें, इसे सुनिश्चित करने को लेकर मतदान कक्ष में मोबाइल लेकर प्रवेश निषेध रहेगा . इसे संबंधित मतदान केंद्र के पीठासीन पदाधिकारी को सुनिश्चित करना है . वहीं, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार-पत्र धारित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि पीठासीन पदाधिकारी द्वारा दिये गये अनुमति वाले स्थान से ही मतदान का कवरेज करेंगे और पीठासीन पदाधिकारी द्वारा अधिकृत किये गये स्थान से आगे बढ़कर किसी भी परिस्थिति में बैलेट यूनिट ( बीयू ) का फोटो, वीडियो नहीं लेंगे . अगर, निर्देशों का अनुपालन कोई नहीं करता है और ऐसा करते हुए अगर कोई व्यक्ति पाया जाता है तो पीठासीन पदाधिकारी तत्काल इसकी सूचना सेक्टर मजिस्ट्रेट को देंगे एवं संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट ( आरपी एक्ट ) 1951 की धारा 128 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे . द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट (आरपी एक्ट) 1951 की धारा 128 के अधीन तीन महीने का जेल या आर्थिक दण्ड या दोनों के तहत कार्रवाई करने का प्रावधान है . पीठासीन पदाधिकारी को मतदान कक्ष के अंदर मोबाइल फोन लेकर प्रवेश निषेध संबंधित का स्टीकर उनके सामाग्री थैला में दिया जा रहा है . उक्त स्टीकर को मतदान कक्ष के प्रवेश द्वार के पूर्व चिपकाना सुनिश्चित करेंगे जहां अच्छे से मतदाताओं एवं अन्य को दिखाई दें .

**गिरिडीह - धनबाद लोस** 27 महिला मतदान केंद्र और 37 पर्दानशी मतदान केंद्र हैं

# महिला मतदानकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता ।बोकारो



गिरिडीह एवं धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव में 23 मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित किया जाना है, जिसमें पीठासीन पदाधिकारी के साथ पी-वन,पी-टू,पी-थ्री एवं 37 पर्दानशी मतदान केंद्रों में पी-टू, पी-थ्री मतदान कर्मी महिलाएं है.

इन मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण रविवार को सेक्टर टू सी स्थित बोकारो इस्पात सिनियर सेकेंडरी स्कूल सभागार में दिया गया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के निर्देश पर सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी द्वारा विषय वार महत्वपूर्ण बातों से मतदान कर्मियों को अवगत कराया गया.

### हैंडबुक को अच्छी तरह पढ़ने की बात कही

मौके पर मास्टर ट्रैनरों द्वारा मतदान कर्मियों को हैंडबुक को अच्छी तरह से पढ़ने एवं क्या करें और क्या नहीं करें को अवश्य पढ़ने की बात कहीं, ताकि दायित्व निष्पादन में किसी तरह की कोई चूक नहीं हो . बताया कि, मतदान कक्ष में पुलिस जवान प्रवेश नहीं करेंगे . इसे पीठासीन पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे . सभी मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग होगी, मतदान कक्ष, केंद्र परिसर आदि की गतिविधि की निगरानी जिला, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं भारत निर्वाचन आयोग कार्यालय से सीधे की जाएगी . इसलिए कहीं भी किसी स्तर से कोई चूक नहीं होनी चाहिए . पीठासीन पदाधिकारी व अन्य महिला मतदान कर्मी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करेंगे .

### क्यू और टाइम मैनेजमेंट पर विशेष फोकस

मास्टर ट्रेनरों ने मतदान कार्य को नियमानुसार गति के साथ पूर्ण कराएंगे . क्यू और टाइम मैनेजमेंट पर विशेष फोकस करेंगे . कहा कि मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है . कर्मियों की सभी सुविधाओं के साथ उनकी सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है . सामग्री थैला में मेडिकल कीट के साथ महिला मतदान कर्मियों के लिए स्पेशल कीट है . जिसमें सूखा राशन व अन्य जरूरी सामान भी शामिल है . प्रशिक्षण सत्र में हीटवेब, स्वास्थ्य, मेडिकल कीट, सामग्री, डिस्पैच सेंटर में रिपोर्टिंग, वाहन एवं पोस्टल बैलेट, वेबकास्टिंग आदि महत्वपूर्ण बातों के साथ रिसिविंग के संबंध में अवगत कराया . प्रशिक्षण सत्र में सरल भाषा में आरओ हैंडबुक से संबंधित जानकारियों को आसान प्रश्न उत्तर के माध्यम से मतदान कर्मियों को अवगत कराया गया . वहीं, सभी को ईवीएम-वीवीपैट का भी पुनः प्रशिक्षण दिया गया .

# छह श्रेणी के लोगों को लगाया जाएगा बीसीजी का टीका : डीसी

**खास बातें**

- दी गई टीकाकरण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां
- टीकाकरण अभियान तीन महीने तक चलाया जाएगा



संवाददाता ।साहिबगंज

सोमवार को उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में वयस्क बीसीजी टीकाकरण के सफल संचालन के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक सह टीओटी आहूत की गई. वहीं उपायुक्त ने वयस्क टीकाकरण से जुड़े बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी ली. उन्होंने कहा कि वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत बीसीजी का टीका 18 वर्ष से अधिक आयु के 6 श्रेणियों के व्यक्तियों को लगाया जाएगा. इसमें जिन व्यक्तियों को पूर्व में टीबी हुई हो, टीबी मरीजों के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों, 60 वर्ष और उससे अधिक के बुजुर्ग, कुपोषित वयस्क, धूम्रपान करने वाले व्यक्ति तथा मधुमेह के मरीजों को बीसीजी का टीका लगाया जाएगा.उन्होंने कहा कि भारत में जन्म के समय या जीवन के पहले वर्ष के भीतर बच्चों को बीसीजी दी जाती है. इसी टीके का वयस्कों के लिए भी इस्तेमाल किया जायेगा.उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को हेड काउंट सर्वे करने के लिए निर्देश दिया. वहीं बताया गया कि जुलाई 2024 से अभियान का शुभारंभ किया जायेगा, जो तीन माह जुलाई, अगस्त, सितंबर तक चलेगा. इसके अलावा नियमित टीकाकरण.

शहरी क्षेत्र का हाल : आधा से ज्यादा घरों में पर्ची नहीं पहुंचने से बिगड़ा खेल, बूथ 284 और बूथ 305 में नौ बजे प्रारंभ हो सका मतदान

# मतदानकर्मियों की सुस्ती ने रोकी मतदान की रफ्तार

- 264, 292 व 197 सहित कई बूथों पर धीमा मतदान

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

2019 में हजारीबाग लोकसभा सीट पर 64 प्रतिशत हुआ था, 2024 में कुछ इसी प्रकार की मेहनत की गई थी और आशा थी कि इस बार 64 प्रतिशत पार हो जाएगा, परंतु मतदानकर्मियों की सुस्ती के कारण धीमी रफ्तार ने मतदान को बढ़ने से रोक दिया. इतना ही नहीं, शहरी क्षेत्र के आधा से ज्यादा आबादी को बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची उपलब्ध नहीं कराया जा सका. इसका परिणाम हुआ कि बूथ पर लोग अपना नाम खोजते रहे और ऐसे सैकड़ों लोग भी रहे जिनका नाम किसी और बूथ पर था. नाराज होकर ऐसे लोगों ने मतदान नहीं किया.

इस तरह की कई अन्य छोटी-बड़ी कमियों के कारण प्रशासन की सारी मेहनत पर पानी फिर गया. शहरी क्षेत्र के आधा दर्जन स्थानों पर मशीन की खराबी ने भी रफ्तार को रोकने और मतदाताओं को बैरंग लौटने को मजबूर कर दिया. शहरी क्षेत्र के बूथ नंबर 288 से लेकर 315 में करीब एक दर्जन ऐसे बूथ भी रहे जहां पीठासीन पदाधिकारी की सक्रियता के बावजूद पी वन, पी टू पदाधिकारियों की सुस्ती से मतदान प्रतिशत परवान नहीं चढ़ सका. मोमिन बालिका विद्यालय खीरगांव के बूथ नंबर 264, मध्य विद्यालय नूरा के बूथ नंबर 292, केशव हाल के बूथ नंबर 197 केबी सहायक मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय हुरहुरु बस्ती में भी धीमा मतदान ने लोगों को धैर्य की परीक्षा ली. मशीन में खराबी होने के कारण हिराबाग बूथ नंबर 284 में साढ़े आठ बजे मतदान प्रारंभ हुआ और फिर पुन : साढ़े नौ बजे खराब हो गया. इसी तरह शहरी क्षेत्र के देवांगना चौक बूथ नंबर 305 में मशीन खराब होने के कारण सुबह नौ बजे मतदान प्रारंभ हुआ.

**89 वर्षीय बृजमोहन केशरी, 91 वर्षीय नेमा साव ने किया मतदान :** जिला प्रशासन द्वारा 80 वर्ष से उपर वयोवृद्ध और दिव्यांग के लिए विशेष सुविधा उनके घर पर वोटिंग कराने की व्यवस्था की गई थी. बावजूद इसके बड़ी संख्या में दिव्यांग, वृद्ध मतदान करने बूथ पर पहुंचे थे. इनमें आरएसएस के हजारीबाग के पूर्व विभाग संघ चालक 89 वर्षीय ब्रजमोहन केशरी अपने पोते और आरएसएस के नगर पदाधिकारी अश्विनी केशरी तथा आरएसएस के जिला संघ श्रद्धानंद सिंह उपस्थित थे. वहीं कोर्रा स्थित क्रोंज कन्या में 91 वर्षीय नेमा साव तथा संत कोलंबा कॉलेज में दिव्यांग जय सिन्हा ने मतदान किया. जय सिन्हा अपने पिता अजय सिन्हा और मां अर्चन सिन्हा के साथ मतदान करने पहुंचे थे.

**किसी का नाम हो गया था डिलीट तो किसी का चार किलोमीटर दूर बूथ पर जोड़ दिया गया था नाम :** बीएलओ द्वारा समय पर पर्ची नहीं पहुंचाने जाने का कारण सैकड़ों की संख्या में लोग मतदान करने से वंचित रह गए. सैकड़ों लोग घंटों तक मतदान केंद्र पर परेशान होकर लौट गए. संत किरण मतदान केंद्र, मटवारी कुम्हारटोली मतदान केंद्र, उद्योग भवन मतदान केंद्र, यदूनाथ बालिका विद्यालय और बिहारी बालिका विद्यालय आदि कई स्थानों पर देखने को मिला कि पर्ची नहीं मिली और जब वे बूथ पर पहुंचे तो पता चला कि उनका किसी अन्य बूथ पर नाम है. यह भी जानकारी आनलाइन देखने के बाद ही मिल रही थी. इससे बड़ी परेशानी लोगों को उठाने पड़ी.



## अव्यवस्था की शिकायत की तो पत्रकार पर ही विफर पड़े पुलिस पदाधिकारी

लोकसभा चुनपाव में मतदान के दौरान होने वाली गड़बड़ी की जानकारी देने और प्रशासन को सहायता पहुंचाने का काम पत्रकार भी करते हैं. निर्वाचन आयोग द्वारा भी विशेष रूप से इसके लिए पास दिए जाते हैं. शहरी क्षेत्र के बिजली कार्यालय हीराबाग बूथ नंबर 284 पर इसके विपरीत पुलिस पदाधिकारी का बर्ताव देखा गया. यहां हो हल्ला और हंगामे के साथ अव्यवस्था देख जब एसडीएम से एक पत्रकार ने शिकायत की और लोगों को इसकी जानकारी दी तो पुलिस पदाधिकारी व्यवस्थित करने के स्थान पर पत्रकार को ही बाहर का रास्ता दिखाने लगे. हीराबाग चौक पर दारोगा शिव नंदन सिंह तैनात थे. दरअसल मतदान कक्ष में दो दर्जन से अधिक लोग अंदर घूसे हुए थे, और इसे लेकर लोग हंगामा कर रहे थे, जिसे लेकर शिकायत की गई थी.

## सुबह साढ़े छह बजे बूथ पर पहुंचने लगे थे लोग 12 बजे एलिजाबेथ विद्यालय में छा गया था सन्नाटा

शहरी क्षेत्र के बूथों पर पहले मतदान फिर जलपान का नारा गूंज रहा था. सुबह साढ़े छह बजे से ही बूथ पर लोगों की भीड़ जुटने लगी थी. दिन के दस बजते बजते बूथों पर लंबी कतार लग चुकी थी. दिन के 11 बजे तक यह महसूस हो रहा था कि इस बार 70 प्रतिशत मतदान हजारीबाग पार कर जाएगा, परंतु आश्चर्यजनक रूप से धूप तेज होते ही बूथ से लोग भी गायब होने लगे. शहरी क्षेत्र के एलिजाबेथ उच्च विद्यालय में दिन के 12 बजे बूथ खाली हो चुका था. यहां बूथ नंबर 277 पर 861 मतदाता थे और महज 269 लोग ही मतदान कर सके थे. इसी प्रकार लक्ष्मी उर्दू मुस्लिम बालिका विद्यालय के बूथ नंबर 242 में दिन के 12 बजे 783 में 274, बूथ नंबर 243 पर 866 वोटर के विपरीत 264 ही मतदान कर सके थे. वहीं लक्ष्मी महिला उर्दू मुस्लिम विद्यालय के बूथ नंबर 238 पर 313 मतदाता ही मतदान कर सके थे. इस बूथ पर 1027 मतदाता हैं. संध्या पांच बजे तक मुनका बगीचा के बूथ नंबर 223 पर 1028 के जगह 610 , बूथ नंबर 222 पर 1198 की जगह 609 ने मतदान किया था. इसी तरह साढ़े चार बजे बिहारी बालिका विद्यालय के बूथ नंबर 210 में 1172 मतदाताओं की जगह 645 ने मतदान किया. इसी तरह दिन के साढ़े चार बजे तक मटवारी के बूथ नंबर 299 पर 598 लोगों ने मतदान किया. यहां 1119 मतदाता थे.

## चुरचू में 69.10 प्रतिशत मतदान

**चरही/चुरचू।** चुरचू प्रखंड में बने कुल 54 मतदान केंद्रों पर कुल 42853 मतदाताओं में 29610 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. 14545 पुरुष मतदाताओं ने मतों का प्रयोग किया. वहीं 15061 महिला मतदाताओं ने मतों का प्रयोग किया. प्रखंड में सबसे ज्यादा वोटिंग प्रतिशत बहेरा पंचायत के पिपरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरा, उर्दू में 83 .84 प्रतिशत रही. प्राथमिक विद्यालय निमाडी पूर्व भाग में 82 .22 प्रतिशत रही. उच्च मध्य विद्यालय बहेरा उत्तर भगा में 81 .42 प्रतिशत रहा. वहीं प्रखंड में कुल 69 .10 प्रतिशत मतदान हुआ. सोमवार सुबह से ही लोग अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान करने में लगे हुए थे. मतदाता शाम 5 बजे तक मतदान करते नजर आए. चिलचिलाती धूप में भी लोग मतदान केंद्रों पर मतदान किया.



## बड़कागांव में 66.25%, मांडू में 61.23% और रामगढ़ में 68.37% मतदान



संवाददाता। रामगढ़

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रामगढ़ जिले में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. शाम 5 बजे तक बड़कागांव में 66.25% ,मांडू में 61.23% और रामगढ़ में 68.37% मतदान हुआ. मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला. वोटिंग करने के लिए बुजुर्ग और दिव्यांग भी मतदान केंद्र पहुंचे. सुबह से ही महिलाएं बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा ले रही है लंबी लाइनों में खड़ी होकर महिलाएं अपने मत का प्रयोग कर रही थीं. रामगढ़ जिला प्रशासन मतदान को सफलतापूर्वक संपन्न करने को लेकर जिला समाहरणालय सभाकक्ष में बनाए गए नियंत्रण कक्ष में उपस्थित होकर हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए थे. कक्ष में वेबकास्टिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, जिसमें सभी तरह की रिपोर्टिंग की गई.

**हजारीबाग में 63 .66% हुआ मतदान :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में शाम 5 बजे तक 63 प्रतिशत मतदान हुआ. वहीं बड़कागांव में 66.25%, मांडू में 61.23%, रामगढ़ में 68.37%, हजारीबाग में 61. 58%, बड़कागांव में 66. 25% और बरही में 61. 45% मतदान हुआ.

### आकर्षक मतदान केंद्र बने रहे चर्चा का विषय

मतदान को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई आकर्षक मतदान केंद्र बनाए गए थे जो वहां के लोगों के लिए चर्चा का विषय बने रहे. मतदान केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट, आई एम प्राउड वोटर सेल्फी, महिला मतदान केंद्र सहित के आकर्षण केंद्र बनाए गए थे, जिससे मतदाताओं में वोट के प्रति अवेयरनेस बढ़े.

### बुजुर्ग और दिव्यांगों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

लोकसभा चुनाव में विभिन्न बूथों पर दिव्यांग और बुजुर्गों ने पूरे जोश के साथ अपने मतदान का प्रयोग करने पहुंचे कई बूथों पर बुजुर्ग व्हीलचेयर पर पहुंचकर अपने मतदान का प्रयोग किया.

## हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 63.66 प्रतिशत हुआ मतदान



संवाददतता। हजारीबाग

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 14 हजारीबाग क्षेत्र में सोमवार को शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने मतदान की अवधि के समापन के उपरांत प्रेस से मुखातिब हुईं. उन्होंने प्रेस को बताया कि शाम 5:00 बजे तक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 63.66 रहा. अद्यतन मतदान प्रतिशत आना शेष हैं. पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के बाद विस्तृत रिपोर्ट को ईसीआई की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है. उन्होंने बताया कि निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय या विधि व्यवस्था से संबंधित घटना नहीं घटी है. उन्होंने कहा 4 जून को मतगणना है जिसका स्थल बाजार समिति को चिन्हित किया गया है. वोट बहिष्कार के मामले पर उपायुक्त ने बताया कि कटकमदाग के कुसुंबा के दो बूथ जिनकी संख्या 183 व 184 है पर स्थानीय लोगों के द्वारा वोट नहीं दिए जाने का मामला भी संज्ञान में आया है. स्थानीय द्वारा एनटीपीसी से रेलवे साइडिंग और पुल निर्माण जैसे स्थानीय मुद्दों पर वोट का बहिष्कार किया. प्रशासन ने इस संबंध में पूर्व में कई मुलाकातें कर लोगों को समझाने के प्रयास किए थे.

रि-पोल के संबंध में उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं होगा. उन्होंने बताया कि मतदान के शुरुआती क्षणों में ईवीएम की खराबी की सूचना पर इंजीनियर से ठीक कराया गया और ठीक न होने की स्थिति में वैकल्पिक ईवीएम का प्रयोग किया गया है. वहीं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामलों पर एफआईआर की गई है, जिसमें बरही के दो बूथों पर एक पार्टी विशेष का पर्चा वोटर स्लिप में चिपकाकर मतदाताओं को वितरित किए जाने वाले मामलों को संज्ञान में लेते हुए यह कार्रवाई की गई है. अंत में उन्होंने मीडिया का भी आभार जताया. इस प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, डीपीआरओ रोहित कुमार मौजूद थे.

### खास बातें

- उपायुक्त ने प्रेसवार्ता कर साझा की जानकारी
- कहा-किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी

### रामगढ़ जिले में भी शांतिपूर्ण रहा मतदान

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान संपन्न होने के बाद सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार के साथ जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिले के विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता की. इस दौरान उन्होंने सभी को जानकारी दी की 22 बड़का गांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ. वहीं उन्होंने मौके पर विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए।

## ‘कोडरमा की जनता ने विकसित भारत के लिए किया मतदान’



संवाददाता। कोडरमा

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने उत्साहजनक मतदान के लिए मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया है. उन्होंने कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र के मेरे परिवारजनों ने सशक्त, सक्षम, आत्मनिर्भर, सुसंस्कृत और विकसित भारत के निर्माण हेतु यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए भारी संख्या में पूरे उत्साह के साथ मतदान किया है. विरोधियों के तमाम दुष्प्रचारों और मनगढ़ंत तथ्यों के प्रसार के बावजूद मेरे परिवारजनों का भरोसा मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कामकाज और आगामी कार्ययोजना से थोड़ा भी नहीं डिगा. इस भरोसे और स्नेह के लिए मैं बारम्बार नतमस्तक होकर अपने परिवारजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हूं.

### जायसवाल ने मतदाताओं का जताया आभार

**हजारीबाग।** भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा की क्षेत्र के तमाम मतदाताओं का पिछले लोकसभा चुनाव के तर्ज़ पर बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए विशेष आभार जताया और धन्यवाद दिया. उन्होंने चुनाव आयोग व सभी जिलों के जिला प्रशासन को शांति व सौहार्दपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दीं एवं उनका भी आभार जताया. जायसवाल ने कहा कि आपका बेटा/भाई हूं और पहले जैसा ही आपकी सेवा, सम्मान और क्षेत्र के विकास के लिए सेवारत रहूंगा.



## बड़कागांव में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ चुनाव



संवाददाता। बड़कागांव

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के दौरान बड़कागांव प्रखंड के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ 127 बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो हुआ. लगभग 66.25 प्रतिशत मतदान हुआ. सुबह 6:00 बजे से ही मतदाता मतदान केंद्रों में पहुंचकर वोट देने के लिए कतार में लगना शुरू कर दिए थे. शुरुआती दौर में मतदान का प्रतिशत अच्छा रहा, लेकिन बीच में शिथिलता आ गई थी. बावजूद शाम होते-होते मतदाताओं का मतदान के प्रति रुझान बढ़ती चली गई जिसके कारण लगभग 66.25 प्रतिशत मतदान हुआ. हालांकि मतदाता सूची में कई विसंगति भी मतदान केंद्रों पर देखने को मिली. कई मतदाता अपना नाम कई मतदान केंद्रों के मतदाता सूची में ढूंढते-ढूंढते थक रहे थे. इस संबंध में प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी बालेश्वर राम एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि कई चरणों में मतदाता सूची को सजाने के लिए बीएलओ को प्रशिक्षण एवं समय-समय पर निगरानी की जा रही थी, लेकिन मतदाता सूची में विसंगति का कारण ऑनलाइन आवेदन करने के समय बूथ संख्या दर्ज नहीं होने के कारण उस गांव के कई अन्य बूथों में दर्ज किया गया होगा.

**कुल 1,10,144 मतदाताओं के लिए 127 बूथ बनाए गए थे :** ज्ञात हो कि बड़कागांव प्रखंड में कुल 1,10,144 मतदाताओं के लिए 127 बूथ बनाए गए थे, जिसमें 56,642 पुरुष तथा 53,502 महिला मतदाता थे। प्रखंड के 7 क्लस्टर में बड़ी संख्या में पुलिस कैंप के माध्यम से बूथों की सुरक्षा व्यवस्था निगरानी की जा रही थी. स्थानीय प्रशासन के द्वारा न्यूनतम सुविधा मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं के लिए उपलब्ध करना सुनिश्चित था.

### केरेडारी में शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ मतदान

**केरेडारी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से केरेडारी प्रखंड के कुल 88 मतदान केंद्रों व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ही टंडवा प्रखंड के 20 मतदान केंद्रों पर सोमवार को शांति पूर्वक मतदान संपन्न हो गया. इन मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से ही मतदाताओं की लंबी कतार लग गई थी व भीषण गर्मी के बावजूद मतदान को लेकर मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखाई दिया. खासकर वृद्ध व पहली बार मतदान कर रहे मतदाताओं में खासा उत्साह था. बूथ 56 उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदईखाप में 91 वर्षीय सुखदेव मिश्र ने मतदान किया, जबकि इसी मतदान केंद्र में चर्चित टीवी सीरियल में संस्कारी मास्टर जी का रोल करने वाले विजय सिंह ने भी माया नगरी मुम्बई से आकर मतदान किया. सुबह 9 बजे तक केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में 14 .59 प्रतिशत व 11 बजे तक 31 .40 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि दोपहर 1 बजे तक 48 .56 प्रतिशत मतदान हुआ. वहीं 3 बजे तक 62 .26 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था. वहीं 5 बजे तक महिला 68 पॉइंट 59 प्रतिशत एवं पुरुष 72 पॉइंट 19 प्रतिशत मतदान किया.

### चौपारण के 136711 मतदाताओं ने किया मतदान

**चौपारण।** हजारीबाग लोकसभा का चुनाव सोमवार को शांति पूर्वक संपन्न हो गया. संसदीय क्षेत्र का सिरमौर चौपारण प्रखंड में निर्वाचन पदाधिकारी सह सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजय यादव एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में एक लाख छत्तीस हजार 711 मतदाताओं में 81 हजार 706 ( 59 .77% ) मतदान हुआ. इसमें महिला 44 हजार 820 ( 68 .28% ), पुरुष 36 हजार 886 ( 51 .90% ) एवं कुल 527 दिव्यांग मतदाता शामिल थ. चौपारण में सबसे ज्यादा मतदान बूथ नंबर 86 मध्य विद्यालय हरिजन कर्मा में 81 .05 प्रतिशत एवं सबसे कम बूथ नंबर 170 मध्य विद्यालय परसातरी में 46 .76 प्रतिशत मतदान हुआ. बता दें कि हजारीबाग जिले व लोस क्षेत्र का पहला बूथ चोरदाहा पंचायत से आरंभ होता है. आबादी और वोटरों की संख्या में भी यह जिले में अव्वल है. इसमें कुल 170 बूथों पर वोटिंग हुई. इनमें से 50 बूथों को उग्रवाद प्रभावित, विधि व्यवस्था अथवा अन्य कारणों से क्रिटिकल मानकर पुलिस बल की पूरी व्यवस्था की गई थी, जबकि 120 बूथों को सामान्य रख एक-एक पुलिस बल तैनात किया गया था.

## रामगढ़ के उपायुक्त व एसपी ने किया मताधिकार का प्रयोग





**रामगढ़।** मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी-अपनी भागीदारी निभा रहे हैं. इसी कड़ी में रामगढ़ डीसी चंदन कुमार और एसपी विमल कुमार ने भी देश के विकास के लिए अपने मत का प्रयोग किया. मौके पर रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने कहा कि देश के विकास के लिए हम सभी को मतदान करना बेहद जरूरी है. जिला प्रशासन ने मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग, दिव्यांगों सहित अन्य मतदाताओं के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की है.साथ ही अपने क्षेत्र के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें. वहीं पुलिस ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर लोकतंत्र को सफल बनाएं.

## 90 वर्षीय वृद्धा से बीडीओ सुमन गुप्ता ने डलवाया वोट



**कोडरमा।** प्रखंड के पथलडीहा के बुजुर्ग मतदाता कुमारी लुखरी पति घानु हजाम जो स्वयं से मतदान केंद्र पर आने में असमर्थ थी. इस बात की जानकारी जब कोडरमा की प्रखंड पदाधिकारी सुमन गुप्ता को लगी तो वो उनके घर जाकर ऑटो से मतदान केंद्र तक लाकर व्हील चेयर से मतदान केंद्र संख्या 225 पर लाकर उनका मतदान कार्रवाई की. उनके इस कार्य से पूरे ग्रामवासी काफी काफी प्रेरित हैं. वहीं इस कार्य में उनका सहयोग करने के लिए बीएलओ माया सिंह, ग्राम रोजगार सेवक मिथलेश कुमार शामिल थे. वहीं दूसरी ओर मतदान केंद्र संख्या 86 प्राथमिक विद्यालय असनाबाद में 86 वर्षीय गेंदिया देवी पति स्व. जानकी दास असना इंदरवा निवासी ने भी व्हील चेयर के माध्यम से अपना मत का मतदान किया. इनके इस मतदान से आने वाली पीढ़ी को सीखने की जरूरत है कि जिस भी हालत में रहे अपना मत का प्रयोग अवश्य करें.

**मतदान** 18 वर्ष के युवा से लेकर 100 वर्षीया वृद्धा ने किया मतदान

# लोकतंत्र में रही हर उम्र के मतदाताओं की भागीदारी

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सोमवार को हुए मतदान में हर उम्र के मतदाताओं की भागीदारी रही. 18 साल के नए मतदाताओं से लेकर 100 वर्षीया वृद्धा तक में मतदान के प्रति उमंग, उत्साह और उल्लास व्याप्त था. इस बीच जिला और पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त देखी गई. शहर के कुछ बूथों पर सुबह सात से 10 बजे और फिर तीन से पांच बजे तक मतदाताओं को कतारबद्ध देखा गया. वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में दिनभर मतदाताओं का रेला नजर आया. ऐसी चर्चा है कि जिस तरह की वोटिंग हुई है, इसमें भाजपा और कांग्रेस में नेक-टू-नेक फाइट है. बहरहाल चार जून को नतीजे का सबको इंतजार है.



सुबह सात बजे केशव हाल में पहला वोट ओकनी वार्ड-19 के पार्षद विश्वनाथ विश्वकर्मा शिशु था ने डाला और यह संदेश दिया कि लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में जनप्रतिनिधियों को अग्रिम पंक्ति में खड़े रहने की जरूरत है. वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता केशर बाबू ने पत्नी, बेटे जयंत और बहू के साथ मतदान किया. उनके पुत्र जयंत पत्नी के साथ रांची से सिर्फ वोट देने के लिए हजारीबाग आए. ओकनी प्राथमिक विद्यालय की सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी के एक पांव नहीं हैं. कृत्रिम पांव के सहारे उन्होंने सजग और सच्ची भारतीऊ नागरिक का परिचय देते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इसी तरह ओकनी आदर्श लेन की 80 वर्षीया माया देवी ने भी वोट डाला. ओकनी तालाब रोड से वीणा पाठक, सीमा पाठक, जयप्रभा नगर से नीलम सहाय, ओकनी से रवींद्र नाथ सहाय और उनकी पत्नी रीति सहाय ने लोकतंत्र के महायज्ञ में भाग लिया. ग्राम पंचायत लाखे और पशु चिकित्सालय कल्लू चौक पगमिल में 18 वर्षीया छात्राएं पहली बार मतदान कर उत्साहित थीं. मुस्लिम महिलाएं भी किसी से पीछे नहीं थीं. अन्नदा कालेज के सेवानिवृत लिपिक परमेश्वर अपनी पत्नी के साथ मतदान किया। पूर्व विदेश सह वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा और उनकी पत्नी नीलिमा सिन्हा ने भी वोटिंग की.

### खास बात

- हजारीबाग लोस क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर

### डीसी ने एसपी के साथ किया बूथों का निरीक्षण

**रामगढ़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार के साथ विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने सर्वप्रथम उत्क्रमित मध्य विद्यालय छतरमांडू रामगढ़ में स्वयं मतदान कर अन्य सभी से भी लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने तथा अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने अपील की. उपायुक्त ने एसपी के साथ मतदान केंद्र संख्या 104, 105, 106, 107, 89, 90, 91, 42, 1 एवं 2 में मतदान केंद्र संख्या 63 एवं 64 सहित अन्य क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों का जायजा लिया.

## ट्रांसजेंडर समूह के लोगों ने किया मताधिकार का प्रयोग



रामगढ़। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 22 विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 348 पर ट्रांसजेंडर समूह के लोगों ने वोट डाले. मतदान करने के बाद सभी ने कहा कि “जब हम कर सकते हैं मतदान तो आप क्यों नहीं”. ट्रांसजेंडर्स ने सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की.

